एक नजर में

मेघनगर के पास सजेली नानिया साथ में बड़ी तादात में मिला गोमांस

आरोपी हुए घटना स्थल से फरार

मेघनगर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सजेली नानिया साथ के जंगल मे शनिवार को दोपहर 2 बजे के लगभग बड़ी तादाद में गोमांस मिला कहीं दिनों से गोमांस का अवेध धंधा चल रहा था आज विधुत कम्पनी के कर्मचारियों की नजर पड़ने पर बहस बाजी के बिच बात आंग की तरह फेली खबर मिलते ही हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस प्रशासन को सुचना की इधर गोमांस का व्यापार करने वाले घटना स्थल से अपने अपने वहान छोड़कर फरार हो गए घटना स्थल पर पहुंचे हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता ने बताया की सजेली नानिया साथ के जंगल में गायों की खाल का बड़ा जखीरा मिला, जिसमें 100 से ज्यादा गायों की खालो के अलावा, बड़ी मात्रा में गौमांस पकड़ा गया, उक्त गोमांस को बड़ी बड़ी थैलियों में भरकर ले जाया जा रहा था। यह मांस बाहर के गांवों में भी भेजा जा रहा था वहीं पहुंचे कार्यकर्ताओ ने जीवित पांच गायो को बचाया वहीं घटना को अंजाम देने वालो ने दो गायों का वध कर गो मांस का बंटवारा आपस मे किया जा रहा था घटना स्थल पर गोमांस को हिलते हुए भी देखा गया उक्त घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला आरोपी एक विशेष वर्ग जुड़े हुए बताया जा रहे हैं पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीन आरोपीयों को हिरासत में ले लिया है जिस मे एक नाबालिक है समाचार लिखे जाने तक प्रशासन व हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता घटना स्थल पर ही थे मृत गायों को दफना कर पुलिस आरोपीयो के खिलाफ प्रकरण दर्ज करेगा फरार आरोपीओ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया जाएगा

विरोध करने वालों के साथ करते हैं मारपीट -सजेली नानिया साथ के ग्रामीणों ने बताया कि अवेध धंधा करने वालों का विरोध करने वालों के साथ धंधा करने वाले लोग मारपीट कर परेशान करते हैं और पुलिस में जाकर छुट्टी झूठी सिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं जिसके चलते कोई विरोध करने की हिम्मत नहीं करता और करता है तो उसको दबाने का प्रयास किया जाता है

पुलिस प्रशासन को करनी होगी कड़ी कार्रवाई -आए दिन हो रही गोमांस की तस्करी को देखते हुए पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्यवाही करना होगी इससे पूर्व भी कई बार इस गांव में या आस-पास के गांव में गोमांस व गाय की तस्करी करते हुए पकड़ा गया है

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

आलीराजपुर। राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) श्रीमती नीतू माथुर ने आलीराजपुर में रिक्त त्रि-स्तरीय पंचायतों के रिक्त पंच पदों के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) नियुक्त किए हैं। जनपद पंचायत कट्ठीवाडा (पंच पद) ग्राम पंचायत वाव में रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार श्री सुनील डावर, सहायक रिटर्निंग नायब तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, जनपद पंचायत जोबट ग्राम पंचायत जाली में रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार श्री सुनील राणा, सहायक रिटर्निंग नायब तहसीलदार श्री अनील मण्डलोई को नियुक्त किया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, रिटर्निंग ऑफिसर से समन्वय स्थापित कर निर्वाचन का कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए हैं।

ब्रिज समिट अबू धाबी में 8 दिसंबर से

इंदौर . ब्रिज समिट 2025, दुनिया का सबसे बड़ा नया मीडिया और टेक्नोलॉजी सम्मेलन है, जो उन उद्योगों को एक साथ लाएगा जो दुनिया को देखने, सुनने और समझने का तरीका तय करते हैं .यह तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन 8-10 दिसंबर को अबू धाबी नेशनल एग्जीबिशन सेंटर में होगा . समिट में 132 देशों से 60,000 प्रतिभागी शामिल होंगे और तेजी से बदल रही वैश्विक कंटेंट इंडस्ट्री पर गहराई से चर्चा करेंगे . मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग, टेक्नोलॉजी और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन ये अब पहले से अधिक अलग और बिखरे हुए नजर आते हैं . ब्रिज समिट इन सभी को एक ही मंच पर जोड़ने का अवसर देता है . समिट के मुख्य विषय—मीडिया, म्यूज़िक, फिल्म, गेमिंग, टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग और क्रिएटर इकॉनमी—इस बात पर केंद्रित हैं कि ये सेक्टर एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं और एक-दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं .

कॉयनस्विच ने जारी की पहली व्यापक वीडीए हैण्डबुक

इंदौर . भारत के सबसे बड़े क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉयनस्विच ने आज वर्चुअल डिजिटल असेट्स डीकोडेड के लॉन्च की घोषणा की है . यह देश की पहली व्यापक हैण्डबुक है, जिसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों, साइबरक्राइम युनिट्स एवं नीति निर्माताओं को तेज़ी से बदलते वीडीए सिस्टम को समझने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है . लॉन्च पर आशीष सिंघल, सह-संस्थापक एवं सीईओ, कॉयनस्विच ने कहा भारत बुनियादी स्तर पर क्रिप्टो अडॉप्शन के ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है . इस विकास को देखते हुए सेवा प्रदाताओं की ज़िम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं के हितों को सुरक्षित रखें तथा सुरक्षित, अधिक समावेशी क्रिप्टो सिस्टम के निर्माण को बढ़ावा दें . यह हैण्डबुक हमारे इसी मिशन में योगदान देती है . सुकांत दुखंडे, सीनियर डायरेक्टर, लीगल- कॉयनस्विच ने कहा यह हैण्डबुक पुलिस अधिकारियों, नीति निर्माताओं एवं विनियामक संगठनों को व्यवहारिक रूझानों, केस स्टडीज़ में सहयोग प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है .

रियलमी पी4एक्स और रियलमी वॉच 5 लांच

इंदौर . रियलमी पी सीरीज़ ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लॉन्च किए हैं . पी4 एक्स 7000एमएएच बैटरी के साथ अपने सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन है . वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जो ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ मिलकर बनाई गई है . रियलमी पी4एक्स में रियलमी ने चिपसेट एफिशिएंसी, बैटरी एंड्योरेंस और ए .आई आधारित प्रोडक्टिविटी में को काफी अपग्रेड कर दिया है . यह उन युवा ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो ऑन-द-गो रहते हुए मल्टीटास्किंग, पढ़ाई, गेमिंग और क्रिएट करते हैं . रियलमी वॉच 5 एक मेक इन इंडिया वॉच है, जो एक बोल्ड नए डिज़ाइन में बेहतर फिटनेस, हेल्थ और कम्युनिकेशन का अनुभव प्रदान करती है .

सैनडिस्क ने भारत में एनवीएमई एसएसडी लॉन्च की

इंदौर . सैनडिस्क ने भारत में डब्लूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी पेश की है . क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई यह एसएसडी परफॉर्मेंस के मामले में नए मानक स्थापित करती है . इसे एआई वर्कफ्लो में तेजी लाने, भारी प्रोडक्टिविटी टास्क संभालने और 4के एवं 8के वीडियो एडिटिंग को स्ट्रीमलाईन करने के लिए बनाया गया है . यह पिछली जनरेशन के मुकाबले 30 प्रतिशत तक बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करती है . इसमें सैनडिस्क बीआईसीएस8 क्यूएलसी 3डी सीबीए एनएएनडी के साथ सैनडिस्क एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी दी गई है। डब्लूडी ब्लू एसएन5100 एनवीएमई एसएसडी 7,100 एमबी/से . (1टीबी-2टीबी मॉडल) तक की रीड स्पीड प्रदान करती है . यह 500जीबी से 4टीबी2 तक की स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है . यह एसएसडी लार्ज-फाइल ट्रांसफर ज्यादा तेजी से करती है, हैवी एप्लीकेशंस के लिए बेहतर रिस्पॉन्सिवनेस प्रदान करती है .

दिनदहाड़े कट्टा लहराकर बाइक चुराने वाले दो बदमाश धराए

पुलिस की तत्परता से मात्र 6 घण्टे में आरोपियों को पकड़ा

आलीराजपुर। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार दोपहर सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने रिकॉर्ड 6 घण्टे के अंदर धर दबोचा। इस त्वरित कार्रवाई से जहां आमजन में राहत और हर्ष है, वहीं सोशल मीडिया पर भी पुलिस की जमकर तारीफ हो रही है।

घटना कल दोपहर करीब 3ः30 बजे की है। नानपुर रोड स्थित कृषि उपज मंडी के पास वेल्डिंग की दुकान पर काम कर रहे सोहेल मंसूरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकल चुराने का प्रयास किया जा रहा था। दुकान मालिक व आसपास के लोगों ने चोर को पकड़ लिया, लेकिन उसका साथी

क्र15 बाइक पर आया और देशी कट्टा तानकर सभी को डराकर दोनों फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन में तुरंत अपराध दर्ज कर बड़ी टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल व स्ठह्वक्कश्री त्रिलोकसिंह पंवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सितोले के नेतृत्व में कई टीमें बनाई गईं। 64 सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से पड़ताल की साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिले में नाकाबंदी व पड़ोसी थानों में सूचना

आरोपियों ने बाइक चोरी की कई वारदातें कबूलीं

इन संयुक्त प्रयासों से मात्र 6 घण्टे में मुख्य आरोपी गौतम उर्फ गोपाल पिता रमेश डोडवा (23 वर्ष), निवासी हरिजन मोहल्ला, उमराली को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा मय जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसके बाद दूसरे आरोपी दीपक पिता रमेश बघेल (20 वर्ष), निवासी सिलोटा (चौकी छक्तला) को भी दबोच लिया गया और एक मोटरसाइकल जप्त कर ली गई। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में आलीराजपुर के साथ ही बड़वानी जिले में भी कई मोटरसाइकल चोरी करना कबूल किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उनसे अन्य अपराधों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

सोशल मीडिया पर भी हो रही पुलिस की सराहना

पुलिस की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई के लिए सोशल मीडिया पर भी खूब वाहवाही हो रही है। लोग लिख रहे हैं, आलीराजपुर पुलिस ने 6 घंटे में जो कर दिखाया, वो बड़े-बड़े शहरों की पुलिस भी नहीं कर पाती। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू सितोले, उनि सुनिल रांदे, सउनि अरुण राठौर, सउनि रणजीतसिंह सोलंकी, प्रआर हनुमंत, प्रआर रविन्द्र खन्ना, प्रआर दिलीप (साइबर सेल) सहित पूरी टीम का योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और अपराधियों में भय बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने की एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर नें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

आलीराजपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में दोनों विधानसभा क्षेत्रों में चल रही मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि जिले में कुल मतदाता 594273 (पुरुष 293206, महिला 301061, अन्य 06)है । डिजीटाइज गणना पत्रक 568443, अनकलेक्टबल गणना पत्रक 25830, मृत-7299, अनुपस्थित 1849, स्थायी रूप से स्थानातंरित 12506, रिपीटेड 3961, अन्य 215, डिजीटाइज नो मैपिंग मतदाता 12292 (डिजीटाइज गणना पत्रक में सम्मिलित) है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती माथुर ने आगे बताया कि 08 दिसंबर को दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर बी.एल.ओ., बी.एल.ए., सहयोगी टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि उनके बी.एल.ए. अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहें, ताकि मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आगे बताया कि गणना चरण में (11 दिसंबर 2025 तक) नो मैपिंग एवं अनकलेक्टबल गणना पत्रक के समाधान हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

8 दिसंबर को मतदान केंद्रों पर किया जाएगा वाचन : कलेक्टर श्रीमती माथुर ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 08 दिसंबर को मतदान केंद्रों पर आयोजित बैठक में अनकलेक्टबल गणना पत्रक की सूची,जिसमें मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं दोहराए गए मतदाता सम्मिलित हैं का वाचन किया जाएगा। इसी प्रकार नो मैपिंग मतदाताओं की सूची का भी वाचन किया जाएगा। वाचन के बाद यदि किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक हो, तो बी.एल.ए., सहयोगी टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधि आवश्यक जानकारी बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा सकेंगे।बी.एल.ओ. सुपरवाइजर को सभी सूचियों के सत्यापन एवं बैठक की पुष्टि के निर्देश दिए गए हैं।वर्ष 2003 की स्थिति के आधार पर नो मैपिंग मतदाताओं की जानकारी खोजने के लिए विधानसभा स्तर पर विशेष टीमें कार्यरत हैं।

16 दिसंबर तक जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में नाम- कलेक्टर श्रीमती माथुर ने यह भी बताया कि यदि कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ना चाहता है, तो वह फॉर्म-6 बी.एल.ओ. को जमा कर सकता है। इस पर कार्यवाही 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप प्रकाशन के बाद की जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल , निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री तपीस पांडे, श्री वीरेन्द्र बघेल, इलेक्शन सुपरवाइजर तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि श्री राजेंद्र मोदी, श्री खुर्शीद अली दीवान, श्री अहमद दबूक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस मनाया

आलीराजपुर। जिला आलीराजपुर में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं विशेष अतिथि श्री रघुवंश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।अतिथियों का स्वागत डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री गुलाब सिंह द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर परेड का आयोजन भी किया गया , साथ ही परेड द्वारा सलामी भी दी गई । इस

मार्च पास्ट में कुल 4 प्लाटून थे जिसमे होमगार्ड एवं स्ठश्वक्रव्र सैनिकों के साथ सिविल डिफेंस का प्लाटून भी शामिल था । परेड का नेतृत्व प्लाटून कमांडर श्री राजकुमार कटारे द्वारा किया किया । परेड पश्चात लोकनृत्य पुरस्कार वितरण किया गया जिसमे जिला इकाई के सैनिकों के मेधावी बच्चो को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस दौरान अतिथिगण द्वारा आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

थापली में विकास की नई रोशनी 4 नई विद्युत डीपी का शुभारंभ

आदिवासी विकास परिषद उपाध्यक्ष और सरपंच ने निजी मद से दी राशि

आलीराजपुर। ग्राम थापली में विकास का एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल तथा ग्राम पंचायत थापली के सरपंच दिलीप चौहान द्वारा निजी मद से लगभग 6 लाख रुपए की लागत से तैयार 4 नई विद्युत डीपी (ट्रांसफार्मर) का विधिवत शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में ग्रामीणों ने ढोल-ढमाकों, पारंपरिक नृत्य और फूलमालाओं से महेश पटेल का जोरदार स्वागत किया। लंबे समय से चले आ रहे वोल्टेज और बिजली समस्या का समाधान अब इन नई डीपी से होने जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आराम पटेल, सरदार अजनार सहित अन्य उपस्थित रहे।

यहां स्थापित किए गए 4 नए ट्रांसफार्मर

- भवरी फलिया, ग्राम पंचायत थापली — 25 केवी
- सिंधी फलिया, ग्राम पंचायत थापली — 25 केवी
- पुजारा फलिया, ग्राम पंचायत थापली — 25 केवी
- खारी फलिया, ग्राम पंचायत थापली — 25 केवी

ग्रामीणों की प्रतिक्रिया : ग्रामीणों ने बताया कि नई डीपी लगने से अब वोल्टेज में सुधार होगा, बार-बार आने वाली बिजली की समस्या खत्म होगी, और घरों से लेकर खेतों तक बिजली आपूर्ति सुदृढ़ होगी।

सरपंच दिलीप चौहान ने कहा...थापली में लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई थी। नई डीपी लगने से वोल्टेज की परेशानी दूर होगी और हर घर को बेहतर एवं स्थिर बिजली सप्लाई मिलेगी। हमारा प्रयास ग्राम को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है।

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने कहा...जोबट विधानसभा के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की मांग के अनुसार विद्युत विस्तार लाइन का यह कार्य पूरा किया गया है। भविष्य में भी ऐसे विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे, ताकि हर परिवार तक सुविधाएँ पहुँचें।

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

सी.टी./पी.टी.

निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 70 दिनांक: 04.12.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु क्रेन्द्रियकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र. जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
01	2025_UAD_466253 04-12-2025	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 33 के अंतर्गत शौचालय, मूत्रालय का संधारण कार्य करना।	4 माह ₹11,33,710/-	₹2,000/- ₹8,600/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
02	2025_UAD_466254 04-12-2025	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालयों में आवश्यक सिविल कार्य करना।	4 माह ₹18,73,973/-	₹2,000/- ₹14,100/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
03	2025_UAD_466255 04-12-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक मूत्रालयों एवं शौचालयों में आवश्यक रिपेयरिंग कार्य करना।	4 माह ₹15,91,221/-	₹2,000/- ₹12,000/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
04	2025_UAD_466256 04-12-2025	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत शौचालय मूत्रालय का संधारण कार्य करना।	4 माह ₹12,32,650/-	₹2,000/- ₹9,300/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
05	2025_UAD_466257 04-12-2025	झोन क्र. 20 के अंतर्गत स्थित सार्वजनिक शौचालय/मूत्रालयों में आवश्यक संधारण कार्य करने बाबद।	4 माह ₹17,82,206/-	₹2,000/- ₹13,400/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
06	2025_UAD_466258 04-12-2025	झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 19 में स्थित कुमेडी कांकड़ स्लम बस्ति में मॉड्यूलर शौचालय के स्थान पर नया सार्वजनिक महिला/पुरूष शौचालय का निर्माण करने बाबद।	6 माह ₹25,63,810/-	₹2,000/- ₹19,300/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
07	2025_UAD_466259 04-12-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 54 के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालयों में आवश्यक मरम्मत कार्य करने बाबद।	4 माह ₹10,64,542/-	₹2,000/- ₹8,000/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
08	2025_UAD_466260 04-12-2025	झोन क्र. 07 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सी.टी./पी.टी. व यूरिनलों के रिपेयरिंग एवं संधारण का कार्य करना।	4 माह ₹10,95,066/-	₹2,000/- ₹8,300/-	05-01-2026 (शाम 6:00 बजे तक) 06-01-2026
09	2025_UAD_466261 04-12-2025	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत आने वाले समस्त सी.टी./पी.टी. एवं शौचालयों में आवश्यक संधारण कार्य करने बाबद।	3 माह ₹8,42,104/-	₹2,000/- ₹8,500/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
10	2025_UAD_466262 04-12-2025	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों व मूत्रालयों में संधारण एवं मरम्मत कार्य करना।	3 माह ₹9,06,006/-	₹2,000/- ₹9,100/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
11	2025_UAD_466263 04-12-2025	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59 के अंतर्गत मच्छी बाजार चौराहे पर नवीन मूत्रालय का निर्माण कार्य करना।	3 माह ₹8,45,180/-	₹2,000/- ₹8,500/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
12	2025_UAD_466264 04-12-2025	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 32 के अंतर्गत शौचालय/मूत्रालय का संधारण कार्य करना।	3 माह ₹8,35,091/-	₹2,000/- ₹8,400/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
13	2025_UAD_466266 04-12-2025	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 के अंतर्गत आने वाले समस्त सी.टी./पी.टी. एवं यूरिनल में मरम्मत एवं सिविल कार्य करना।	3 माह ₹5,01,352/-	₹2,000/- ₹5,100/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
14	2025_UAD_466267 04-12-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत शौचालय, मूत्रालयों में आवश्यक सिविल एवं मरम्मत कार्य करना।	3 माह ₹4,97,545/-	₹2,000/- ₹5,000/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
15	2025_UAD_466268 04-12-2025	झोन क्र. 02 में स्थित सार्वजनिक शौचालयों तथा मूत्रालयों में आवश्यक सिविल कार्य करने बाबद। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹17,44,999/-	₹2,000/- ₹13,100/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
16	2025_UAD_466269 04-12-2025	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अंतर्गत स्थित शौचालयों एवं मूत्रालयों में रंगाई-पुताई एवं आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹14,30,070/-	₹2,000/- ₹10,800/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
17	2025_UAD_466270 04-12-2025	राजमाता सिंधिया झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 60 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शौचालय, मूत्रालय का संधारण एवं निर्माण कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹12,83,608/-	₹2,000/- ₹9,700/-	18-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 19-12-2025
18	2025_UAD_466271 04-12-2025	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 08 के अंतर्गत गौरा कुण्ड अप्सरा चाय के पीछे आदर्श यूरिनल का निर्माण करना व अन्य यूरिनलों में संधारण कार्य करना। (पंचम बार निविदा आमंत्रण)	3 माह ₹9,25,651/-	₹2,000/- ₹9,300/-	11-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 12-12-2025
19	2025_UAD_466273 04-12-2025	झोन क्र. 09 के अंतर्गत आने वाले शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय में आवश्यक सिविल कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	3 माह ₹5,82,778/-	₹2,000/- ₹5,900/-	11-12-2025 (शाम 6:00 बजे तक) 12-12-2025

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
सी.टी./पी.टी.
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।